Regarding investigation due to violation of norms in PM Fasal Bima Yojana in Parbhani, Maharashtra

श्री संजय हरिभाऊ जाधव **(परभणी) :** धन्यवाद सभापति महोदया । मैं आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र में कुछ लोगों ने बोगस किसान दिखाकर 11,221 लोगों ने फसल बीमा योजना का लाभ उठाया है । वे लोग मेरे क्षेत्र के नहीं हैं । इसके अलावा कुछ ऐसे गाँव हैं, जिनमें वे क्षेत्र नहीं हैं । चार ताल्लुका प्लेस हैं, जिनमें जिंतूर पालम, गंगाखेड़ और सोनपेठ हैं ।

इन चार गांवों के किसानों के नाम पर कुछ ? * ने बोगस तरीके से सरकार से 65 करोड़ रुपये लिए हैं ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि अगर कुछ लोग किसानों के नाम पर सरकार की तिजोरी पर डाका डालते हैं, तो ऐसे लोगों के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए । जिन्होंने ऑनलाइन पोर्टल पर ऐसा कृत्य किया है, उसकी पूरी तहकीकात कीजिए । यह सिर्फ मेरे संसदीय क्षेत्र का सवाल नहीं है, बल्कि पूरे भारतवर्ष के कितने गांवों, जिलों और संसदीय क्षेत्रों में ऐसा हुआ है । इसकी भी सही तरीके से तहकीकात हो । जो लोग किसानों के नाम पर चोरियां कर रहे हैं, मैं ऐसी मांग करता हूं कि उनके ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई हो ।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्यगण, मैं आप सबसे आग्रह करती हूं कि आप सब एक मिनट में अपनी बात रखने का प्रयास करें ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्यगण, प्लीज आप सब बैठ जाइए ।

? (व्यवधान)